आनंदालय

सामयिक परीक्षा- 2

कक्षा : छठी

विद्या सर्वार्थ साधिका
ANANDALAYA

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50

दिनांक: 20-09-2022 | निर्धारित समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश:
1. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
3. बहुविकल्पीय उप प्रश्न की संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है|
4. प्रश्नपत्र में कुल 10 प्रश्न हैं और प्रश्न पत्र में कुल 4 पृष्ठ हैं |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड - 'क' (7 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x7=7)

अपने जीवन मूल्यों की पोषक परंपरा के लिए हमारा भारतवर्ष वैदिक काल से ही संपूर्ण विश्व में ज्ञान और शिक्षा का संवाहक रहा है | अपनी अनुपम मेधा के बल पर ही इस देश के मनीषियों एवं जाग्रत चिंतकों ने संपूर्ण धरती के ज्ञान-पिपासुओं को अपनी ओर आकर्षित किया | सूचना-क्रान्ति के वर्तमान युग में शिक्षा मानव के अस्तित्व का प्रतीक बन गई है | अशिक्षा और निरक्षरता जहाँ एक और विकास की गति को अवरुद्ध करती हैं वहीं मानव की सोच और उसकी वैचारिक क्षमताओं को भी संकीर्ण करती है | निरक्षरता समाप्ति और साक्षरता के प्रसार का अभियान इस राष्ट्र के लिए नई बात नहीं, यहाँ तो युगों पूर्व ही घोषणा कर दी गई थी "माता शत्रु पिता बैरी येन बालो ना पाठित: ! न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा !" अर्थात् बच्चों को शिक्षा न देने वाले माता-पिता को शत्रु कहा गया है और विद्वानों की सभा में अनपढ़ व्यक्ति कभी भी सम्मानीय नहीं होता, वह वहाँ हंसो के बीच एक बगुले की तरह होता है | ऋषियों के आश्रमों-गुरुकुलों से निरंतर जलता शिक्षा का मणिदीप इस राष्ट्र की संस्कृति की पावन धारा को निरंतर ऊर्जा एवं प्रकाश प्रदान करता रहेगा |

(i) भारतवर्ष संपूर्ण विश्व में किसका संवाहक रहा है ?

(ii) धरती के ज्ञान-पिपासुओं को भारतीय मनीषियों ने कैसे आकृष्ट किया ?

(iii) विकास की गति को कौन अवरुद्ध करते हैं ?

(iv) "माता शत्रु पिता बैरी येन बालो ना पाठित:" का आशय है |

(v) लेखक ने मणिदीप किसे कहा है ?

(vi) 'अनुपम' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए |

(vii) प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक लिखिए |

## खंड- 'ख' (12 अंक)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x4=4)

(i) अनुनासिक युक्त शब्द है -

(क) अभिराम (ख) सखियाँ (ग) वॉकर (घ) संग

(ii) अनुस्वार युक्त शब्द है -

(क) ज़बानी (ख) आँसू (ग) यकीन (घ) प्रारंभ

(iii) नुक्ता युक्त शब्द है -

(क) पुड़िया (ख) तकलीफ़ (ग) वैद्य (घ) बेचैन

(iv) 'वास्तविक' शब्द का विलोम है -

(क) कृत्य (ख) कृत्रिम (ग) काल्पनिक (घ) क्रमांक

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

(i) 'दरिद्र' का पर्यायवाची नहीं है - (1x3=3)

(क) धनहीन (ख) विपन्न (ग) कंगाल (घ) कृपण

(ii) 'तुम निर्भय होकर काम करो, मैं तुम पर ——— दूँगा |' वाक्य के लिए उचित मुहावरा है -

(क) आँच न आने देना

(ख) आँखें नीची होना

(ग) कान भरना

(घ) गुज़र-बसर करना

(iii) 'ख़ाक छानना' - मुहावरे का अर्थ है -

(क) भटक जाना (ख) दर-दर भटकना (ग) राख से खेलना (घ) चुगली करना

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

(i) निम्नलिखित में किस पद में द्विगु समास है -- (1x3=3)

(क) देश-विदेश (ख) पीतांबर (ग) वचनामृत (घ) नवग्रह

(ii) हस्ताक्षर का वर्ण-विच्छेद है -

(क) ह्+अ+स्+अ+त्+आ+क्+ष्+अ+र्+अ

(ख) ह्+अ+स्+त्+आ+क्+ष+अ+र्+अ

(ग) ह्+अ+स्+त्+आ+क्ष्+अ+र्+अ

(घ) ह्+अ+स्+त्+आ+क्+ष्+अ+र्+अ

(iii) श् + र् + अ +म् +अ +ज् +ई +व् +ई का हिंदी मानक शब्द है -

(क) श्रमजीवी (ख) श्रमजीवी

(ग) शर्मजीवी (घ) सरमजीवी

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x2=2)

(i) पाप-पुण्य में समास है -

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व (ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

(ii) पुनुरुक्ति शब्दों के लिए विराम चिह्न का प्रयोग होता है -

(क) पूर्ण विराम (ख) विस्मियादिबोधक (ग) प्रश्नवाचक (घ) योजक

<u>खंड- 'ग' (15 अंक)</u>

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) राजप्पा की तुलना मधुमक्खियों से क्यों की गई है ? 'टिकट-अलबम' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए |

(ii) "दम नहीं लेते जब तक बिलकुल ही गोल न हो जाएँ", 'चाँद से थोड़ी सी गप्पें' कविता के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए |

(iii) दो दिन की छुट्टी के बाद जब मोहन स्कूल गया होगा तो उसके सहपाठियों और शिक्षकों ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया होगा ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) 'मुंशी प्रेमचंद' ने कहानी के माध्यम से बालमन को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है | सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

(ii) मंगलग्रह वासियों ने अपने तकनीकी ज्ञान के आधार पर क्या किया तथा वे यंत्रों का प्रयोग किस कार्य के लिए करते थे ?

(iii) 'रानी लक्ष्मीबाई' की वीरता का वर्णन करते हुए बताइए कि उन्होंने अंग्रेजों का सामना किस प्रकार किया और उसका क्या परिणाम हुआ ?

<u>खंड- 'घ' (16 अंक)</u>

8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -

(i) वसंत ऋतु (6x1=6)

संकेत बिंदु -

- ✧ ऋतुओं की रानी
- ✧ प्रकृति का खिलना
- ✧ प्रकृति में बदलाव
- ✧ लाभकारी
- ✧ आनंददायिनी

(ii) कर्म ही पूजा
संकेत बिंदु -
- ✧ जीवन में कर्म को महत्त्व देना
- ✧ निष्ठा से कार्य करना
- ✧ आत्मनिर्भरता व आत्मबल
- ✧ हारने पर विचलित न होना
- ✧ प्रयत्न एवं एकाग्रचित्तता

(iii) विद्यालय का वार्षिकोत्सव
संकेत बिंदु -
- ✧ तैयारी और प्रस्तुति
- ✧ विभिन्न कार्यक्रम
- ✧ प्रगति की झाँकी
- ✧ आपसी सहयोग की भावना का विकास
- ✧ उपसंहार

9. 'खेल दिवस' की तैयारियों हेतु अभ्यास करते हुए दो विद्यार्थियों के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिए | (40 से 50 शब्द) (5x1=5)

अथवा

तकनीकी उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बच्चों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव पर चिंतित दो महिलाओं के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिए | (40 से 50 शब्द)

10. अपने कारखाने में बने हुए साबुन का नामकरण करते हुए 20 से 25 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | (5x1=5)

अथवा

'मखमली कपड़े से बने विभिन्न परिधानों' का एक आकर्षक विज्ञापन 20 से 25 शब्दों में तैयार कीजिए |